## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 04.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 03.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 04.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित टीम के उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार द्वारा एक नफर वारंटी अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवचरन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0नं0 120/13 धारा 279/338/427 भादवि अ0नं0 1437/12 थाना कबरई जनपद महोबा में ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

प्रमोद कुमार पुत्र शिवचरन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. का0 शुभम कुमार



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 09 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अवैध जुंआ/सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 03.12.24 को श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में अर्जुन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा के नेतृत्व में गठित टीम के उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तो से हार-जीत की बाजी लगाकर जुंआ खेल रहे 09 नफर अभियुक्तगणों के कब्जे से मालफड 26,100/- रूपये व 4,800/-रूपये व जामातलाशी से 52 अदद ताश पत्ता बरामद करते हुये कीरत सागर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 629/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.जान मुहम्मद पुत्र नूर मुहम्मद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी चौसियापुरा सब्जी मण्डी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 2. गंगा रैकवार पुत्र बंटी रैकवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मथुरन तलैया गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 3. हरीशंकर रैकवार पुत्र विनोद रैकवार उम्र करीब 26 वर्ष मथुरन तलैया गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 4. अनिल गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता उम्र करीब 36 वर्ष निवासी मु0 गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 5. शिवम उर्फ गोलू रैकवार पुत्र श्याम सुन्दर रैकवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 6. मनोज कुमार वर्मा पुत्र मुन्नालाल वर्मा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी नैकानापुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 7. सारिक पठान पुत्र गफ्फार खान उम्र करीब 32 वर्ष नि0मु0 गांधीनगर थाना कोतवाली नगर महोबा 8. गौरव निगम पुत्र प्रेम नरायन निगम उम्र करीब 30 वर्ष नि0मु0 छजमनपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 9. असलम खां पुत्र सैजादे खां उम्र करीब 35 वर्ष कत्तीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1 उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल 2. उ0नि0 प्रशि नैन्सी प्रजापति 3. हे0का करमशेर 4. कां0 कुबेर सिंह 5. दीपेश कुमार

### बरामदगी-

मालफड़ 26,100/- रूपये, जामातलाशी 4,800/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद।

